भारत सरकार **राज्य सभा**
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 1013**
(वाणिज्य विभाग)

दिनांक 28 जुलाई 2023 को उत्तर दिये जाने के लिए
तेलंगाना में निर्यात केंद्र

1013. श्री बी.पार्थसारधी रेड्डी :

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेलंगाना में निर्यात केंद्र के रूप में पहचाने गए जिलों की संख्या का ब्यौरा क्या है;और
(ख) तेलंगाना में निर्यात प्रोत्साहन, विनिर्माण और रोजगार सृजन को प्रोत्साहित करने के लिए क्या उपाय किए जा रहे हैं, साथ ही तेलंगाना में भेषज उत्पादों के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा किए जा रहे विशिष्ट उपायों का जिला-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) से (ख) तेलंगाना के सभी जिलों को निर्यात हब के रूप में जिला पहल के अंतर्गत शामिल किया गया है। इस पहल के तहत इन जिलों में निर्यात क्षमता वाले उत्पादों/सेवाओं की पहचान की गई है। राज्य निर्यात संवर्धन समिति (एसईपीसी) और जिला स्तर पर जिला निर्यात संवर्धन समिति (डीईपीसी) का गठन करके राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में एक संस्थागत तंत्र स्थापित किया गया है। "निर्यात हब के रूप में जिला" के अंतर्गत जिलों द्वारा जिला निर्यात कार्य योजनाएं तैयार की जा रही हैं जिनमें आपूर्ति श्रृंखला में मौजूदा बाधाओं का ब्यौरा दिया गया है और मौजूदा अंतरालों को कम करने के लिए संभावित हस्तक्षेपों की पहचान की गई है। ये स्थानीय निर्यातकों और निर्माताओं द्वारा जिलों में निर्यात तथा रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए नए व्यवसायों का समर्थन करके पहचाने गए उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध रूप से निर्यात करने के लिए आवश्यक समर्थन को रेखांकित करते हैं। "निर्यात हब के रूप में जिला" के तहत जिलों से निर्यात को प्रोत्साहित करने के लिए, विभिन्न जिलों में निर्यात संवर्धन आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें निर्यातकों के साथ हैंडहोल्डिंग सत्र और विभिन्न संबंधित एजेंसियों/विभागों जैसे केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी), बैंक, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), निर्यात संवर्धन परिषदों, स्थानीय व्यापार संघ/वाणिज्य मंडलों, जिला उद्योग केंद्रों आदि के प्रतिनिधियों सहित निर्यातकों के साथ निर्यात संबंधी जागरूकता शामिल हैं।

"निर्यात हब के रूप में जिला" के अंतर्गत सभी जिलों के लिए उत्पादों और सेवाओं की पहचान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श के आधार पर की गई है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के परामर्श से उत्पादों और सेवाओं को नियमित रूप से अद्यतन किया जा रहा है। तेलंगाना के जिलों में अभिज्ञात किए गए उत्पादों/सेवाओं की सूची अनुबंध में दी गई है।

अनुबंध

तेलंगाना में निर्यात हब के रूप में जिलों के अंतर्गत अभिज्ञात गए उत्पादों/सेवाओं की सूची

क्रं. सं.	जिला	निर्यात सम्भावना वाले अभिज्ञात उत्पाद/सेवाएं
1	आदिलाबाद	निर्मल खिलौने, पेंटिंग और फर्नीचर, सोयाबीन , कपास, आदिलाबाद डोकरा , कपास ओटना
2	भद्राद्री - कोठागुडेम	मिर्च, छोटे-छोटे वनोत्पाद, स्पंज आयरन
3	हैदराबाद	रत्न एवं आभूषण /मोती
4	जगतियाल	आम, हल्दी, चावल, सोने के आभूषण
5	जनगांव	चावल, पीतल की कलाकृतियाँ, पेम्बर्थी धातु शिल्प
6	जयशंकर - भूपालपल्ली	मिर्च, लकड़ी के शिल्प
7	जोगुलाम्बा गढ़वाल	हथकरघा वस्त्र (साड़ियाँ)
8	कामारेड्डी	पोल्ट्री, पाम ऑयल, सोयाबीन
9	करीमनगर	चावल, करीमनगर की चांदी की फिलिग्री , ग्रेनाइट
10	खम्मम	आम, मिर्च , ग्रेनाइट, कोयला खनन
11	कुमारम भीम आसिफाबाद	कपास, श्रीअन्न
12	महबूबाबाद	आम, मिर्च , हल्दी
13	मनचेरियल	आम, कपास
14	मेहबूबनगर	आम, ज्वार , सामान्य इंजीनियरिंग, फेब्रिकेशन, खनिज
15	मेडक	दुबक्का फेब्रिक्स और वस्त्र, पोल्ट्री आहार, टमाटर प्रसंस्कृत उत्पाद
16	मेडचल - मल्काजगिरि	फार्मास्यूटिकल्स और बायोटेक उत्पाद
17	मुलुगु	मिर्च
18	नगरकुरनूल	आम, मूंगफली, रेडीमेड वस्त्र
19	नलगोंडा	चावल, कपास
20	निर्मल	हल्दी, निर्मल खिलौने, निर्मल फर्नीचर, निर्मल पेंटिंग, कॉटन बेल्स
21	नारायणपेट	सूती वस्त्र/ साड़ियाँ
22	निजामाबाद	हल्दी, चावल, बीज, चीनी
23	पेद्दापल्ली	लकड़ी का फर्नीचर, जैव ईंधन, चावल आधारित उत्पाद
24	रंगारेड्डी	आम, बिस्कुट, प्रसंस्कृत भोजन
25	राजन्ना सिरसिला	हथकरघा कपड़ा, मत्स्य पालन
26	संगारेड्डी	आम, सामान्य इंजीनियरिंग उत्पाद, बीज
27	सिद्दीपेट	कपास जिनिंग, गोलाबामा साड़ियाँ , चेरियल पेंटिंग्स
28	सूर्यापेट	फल, सीमेंट
29	विकाराबाद	रेडग्राम , जरी साड़ियाँ , कढ़ाई वस्त्र
30	वानापर्थी	आम, मूंगफली
31	वारंगल ग्रामीण	कपड़ा, आम, वारंगल दरी, चावल, मक्का, वस्त्र
32	वारंगल शहरी	कपड़ा, आम, वारंगल दरी, चावल, मक्का, वस्त्र
33	यदाद्रि - भुवनगिरि	हथकरघा, कपड़ा, धार्मिक पर्यटन, घरेलू साज-सज्जा-तौलिए और चादरें

*****